दैनिक भास्कर
गुमला सिमडेगा 13-06-2025

साथी कैंपेन के तहत अनाथ व बेसहारा बच्चों का बनेगा आधार कार्ड : डालसा सचिव



भास्कर न्यूज | लोहरदगा

नालसा नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देश पर व पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के आदेश पर साथी कैंपेन योजना अन्तर्गत जिले के वैसे बच्चे जो अनाथ एवं बेसहारा हो चुके हैं या उनके माता पिता में से किसी एक की मृत्यु होने के कारण उनका आधार नहीं बन पाया है। वैसे बच्चों के आधार कार्ड निर्माण के लिए गुरुवार को डालसा कार्यालय कक्ष में डालसा सचिव राजेश कुमार की अध्यक्षता में योजना अन्तर्गत गठित कमिटी की बैठक हुई। जिसमें आधार निर्माण को लेकर कमेटी सदस्यों से विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि डालसा लोहरदगा में कार्यरत पीएलवी के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों से चिन्हित बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाना है। वहीं उन्होंने आधार कार्ड बनाने में आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जाना। साथ ही सुगमता पूर्वक आधार कार्ड बनाने की प्रकिया को जाना। वहीं सिविल सर्जन डॉ एसएन चौधरी ने कहा कि ऐसे बच्चें जिनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है वैसे बच्चों का संबंधित स्वास्थ्य केंद्र से रिकॉर्ड मिलाकर प्रमाण पत्र बनाने का काम किया जाएगा।

यूआईडी पदाधिकारी डीपी विक्की ने कहा की डालसा द्वारा चिन्हित बच्चों के आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा। ताकि उन बच्चों का आधार कार्ड बने सके और वे योजनाओं का लाभ ले सकें। मौके पर एसपीजेयू समीर तिर्की, डीसीपीओ वीरेंद्र कुमार, एपीओ विनय कच्छप, सीडीपीओ मनोरमा देवी, पैनल अधिवक्ता सचिन कुमार, फुत्री साहू, लाल धर्मेंद्र देव पीएलवी गौतम लेनिन, छाया देवी, देवमनी कुमारी मौजूद थी।